भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
23.07.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 478 का उत्तर

तिरुचिरापल्ली जिले के लिए पिट-लाइन सुविधाएं

478. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तिरुचिरापल्ली जिले में आईसीएफ/एलएचबी कोच, एक्सप्रेस/सुपरफास्ट ट्रेनों के रख-रखाव के लिए नई पिट लाइन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;
(ख) यदि हाँ, तो स्थान, क्षमता और अनुमानित लागत सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या तिरुचिरापल्ली में मौजूदा अवसंरचना उक्त क्षेत्र से यात्रा आरंभ करने वाली और गुजरने वाली ट्रेनों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए पर्याप्त है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार तिरुचिरापल्ली में कुशल रख-रखाव, भीड़भाड़ को कम करने और परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पिट लाइनों के निर्माण हेतु निधि के आवंटन और अनुमोदन पर विचार करेगी; और
(ङ) यदि हाँ, तो प्रस्तावित की गई पिट लाइन संबंधी सुविधाओं की योजना और निष्पादन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): पिट लाइन सुविधाओं की योजना और निष्पादन परिचालनिक तथा रखरखाव आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है। वर्तमान में तिरुचिरापल्ली में तीन पिट लाइनें चालू हैं। इसके अलावा, तिरुचिरापल्ली में एमईएमयू रेकों के रखरखाव के लिए 61 करोड़ रुपये की कुल लागत से दो अतिरिक्त पिट लाइनों के निर्माण की मंजूरी दी गई है और कार्य शुरू कर दिया गया है।

तिरुचिरापल्ली के यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल ने 2020-21 से 2024-25 (जून, 2025 तक) की अवधि के दौरान 08 नई गाड़ी सेवाएं शुरू की हैं और 06 गाड़ी सेवाओं का विस्तार किया है। तदनुसार, वर्तमान में तिरुचिरापल्ली स्टेशन से 155 गाड़ी सेवाएं सेवित की जा रही हैं, जिसमें तिरुचिरापल्ली से शुरू होने वाली/समाप्त होने वाली 53 गाड़ी सेवाएं शामिल हैं।

******